प्रश्न संख्या : 25 | पृष्ठ संख्या : 3

नाम विद्यालय : ....

Pre-Board Examination 2025

www.teachersraj.com Class – VIII S.No............................

पूर्णांक : 80 विषय - हिन्दी

खंड - A वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 – 8)

वस्तुनिष्ठ प्रश्न - सही विकल्प चुनकर कोष्ठक में लिखिए।

प्रश्न 1. **'अकबरी लोटा'** पाठ मे झाऊलाल ने प्रशंसा, किसकी की थी - 1

(अ) डूगलस से (ब) बिलवासी से
(स) अंग्रेज से (द) पत्नी से

प्रश्न 2. हम सब <u>भारतीय</u> है। रेखांकित शब्द का बहुवचन रूप है- 1

(अ) भारतियों (ब) भारतीयों
(स) भारतिओं (द) भारती

प्रश्न 3. 'लाख की चूडियां' पाठ मे' **हाथ कटने का** कहानी में क्या अर्थ है? 1

(अ) घायल होना (ब) अपनी बात न कह पाना
(स) हाथों से रोजगार छिनना (द) कोई नही

प्रश्न 4. क्या निराश हुआ जाए 'पाठ में भारतवर्ष की महान सभ्य संस्कृति कहाँ डूब गई ? 1

(अ) सागर मे (ब) पाश्चात्य देशों में
(स) गड्ढर में (द) युद्ध में

प्रश्न 5. 'आई' प्रत्यय से बना शब्द है- 1

(क) जयपुरी (ब)अजमेरी
(स) मिठाई (द) सर्दी

प्रश्न 6. ' पानी की कहानी' पाठ में समुद्र का भाग कौन बन चुकी थी - 1

(अ) नदियाँ (ब) मछलियां
(स) जलीय पौधे (द) पानी की बूंद

प्रश्न 7. यशोदा कृष्ण की भोली बातें सुनकर क्या आशीर्वाद देती है ? 1

(अ) खुब उन्नति करने का (ब) चिरंजीवी रहने का
(स) मथुरा का राजा बनने का (द) कोई नहीं

प्रश्न 8. 'बाज और साँप पाठ में आकाश की असीम ऊँचाइयों को नापने की बात किसने की - 1

(अ) साँप (ब) बाज ने
(स) दोनों ने (द) किसी ने नहीं

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न (9से 14)

प्रश्न 9. बदलू चूड़ियाँ बेचने में कौन सा तरीका अपनाता था ? 'लाख की चुडियां' पाठ के आधार पर बताइए। 2

प्रश्न 10. कबीर के अनुसार संसार में किसका शत्रु नहीं होता है? 2

प्रश्न 11. धर्मभीरु लोगों की क्या मनोवृति बन गई है? 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ के आधार पर लिखिए। 2

प्रश्न 12. 'उप' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइये। 1+1= 2

प्रश्न 13. अमृत'का विलोम शब्द 'विष' है। इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए – 1+1= 2

(क) जड़- (ख) आदान

प्रश्न 14. दीवानों ने अपनी क्या अभिलाषा प्रकट की है? 'दीवानों की हस्ती' पाठ के आधार पर लिखिए। 2

www.teachersraj.com

लघुतरात्मक प्रश्न (15 से 22 तक)

प्रश्न 15. बाज का स्वतन्त्रता हेतु प्राण देना क्या सन्देश देता है ? बाज और सांप पाठ के आधार पर बताइए। 4

प्रश्न 16. बूँद में पृथ्वी के भीतर के कैसे दृश्य का वर्णन किया है? 'पानी की कहानी' पाठ के आधार पर लिखिए। 4

प्रश्न 17.सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 4

हम दीवानों की क्या हस्ती,
हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले, मस्ती का आलम साथ चला,
हम धूल उड़ाते जहाँ चले।
आए बनकर उल्लास अभी, आँसू बनकर बह चले अभी,
सब कहते ही रह गए, अरे,
तुम कैसे आए, कहाँ चले?

प्रश्न 18. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए – 2x2=4

(अ) अंगूठा दिखाना

(ब) ईद का चांद दोना...

प्रश्न 19. सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण क्या है? लिखिए।

प्रश्न 20. आप अपने विद्यालय को स्वच्छ और आकर्षक बनाने के लिए क्या-क्या कर सकते है ? 4

प्रश्न 21. नीचे दिए गए कोष्ठक में से उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।

(बूढ़ी, दिसि, स्वयं, सुगंध नागिनी, हाथ) 1x6=6

(1) ....बूढी सी लोटी।

(2) पानी परात को................................. छुयो नहि।

(3) मनुवा तो दहुँ ....फिरै।

(4) जो .... नानी सुना रही सदियों से।

(5) दुसरे देश की...............................भेजती है।

(6) हम स्वयं बच्चे थे और............................ हम अपने बंधन तोड़ चले।

प्रश्न 22. निम्नलिखित शब्दों को उनके हिन्दी अर्थ से मिलान कीजिए-

खण्ड (अ)	खण्ड (ब)
(1)निशानी	साधु
(2)सुगन्ध	कंघी
(3)तमाम	पगड़ी
(4)साध	बहुत अधिक
(5)पगा	चिहन
(6)काठत	मधुर गंध

निबन्धात्मक प्रश्न (23 से 25 तक)

प्रश्न 23. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2+2+2+2=8

साइकिल प्रशिक्षण से महिलाओं के अंदर आत्मसम्मान की भावना पैदा हुई है यह बहुत महत्त्वपूर्ण है। फातिमा का कहना है-"बेशक, यह मामला केवल आर्थिक नहीं है।" फातिमा ने यह बात इस तरह कही जिससे मुझे लगा कि मैं कितनी मूर्खतापूर्ण ढंग से सोच रहा था। उसने आगे कहा- "साइकिल चलाने से मेरी कौनसी कमाई होती है। मैं तो पैसे ही गँवाती हूँ। मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं कि मैं साइकिल खरीद सकूँ। लेकिन हर शाम में किराए पर साइकिल लेती हूँ ताकि मैं आजादी और खुशहाली का अनुभव कर सकूँ।" पुडुकोट्टई पहुँचने से पहले मैंने इस विनम्र सवारी के बारे में कभी इस तरह सोचा ही नहीं था।

(क) साइकिल प्रशिक्षण से महिलाओं की मानसिकता में क्या परिवर्तन आया

(ख) फातिमा साइकिल चलाकर क्या अनुभव करती थी?

(ग) लेखक ने कभी भी क्या नहीं सोचा था?

(घ) फातिमा किराये की साइकिल क्यों लेती थी

www.teachersraj.com

प्रश्न 24. आप राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, जयपुर के कक्षा 8 के विद्यार्थी अमित कुमार हैं। अंग्रेजी विषय का पाठ्यक्रम पूरा करवाने हेतु अपने प्रधानाध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 8

अथवा

आप मोहन लाल कक्षा 8 के विद्यार्थी हैं। अपने प्रधानाचार्य को शुल्क मुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्रश्न 25.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए- 8

(क) बालिका शिक्षा

(ख) बाल-विवाह की कुप्रथा

(ग) वायु प्रदूषण

(घ) कम्प्यूटर शिक्षा का महत्त्व

www.teachersraj.com